मनमानी ▶ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, कार्यवाही नहीं होने पर उठने लगे सवाल

# ठेकेदार खुलेआम कर रहा शराब की तस्करी

**कोतमा नवभारत 29 अक्टूबर।** बुधवार की सुबह कोतमा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार मोटरसाईकिल पर ले जा रही अवैध शराब की पेटी को स्थानीय लोगों ने रोक लिया और घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि बाइक पर नंबर-प्लेट नहीं है और साथ में किसी भी प्रकार का वैध दस्तावेज नहीं था। युवक ने खुद का नाम रमेश सेन बताया और कहा कि वह यह शराब बदरा क्षेत्र में किसी व्यक्ति को पहुंचा रहा था। लाईव के दौरान कुछ ही क्षण में काले रंग की कार में शराब ठेकेदार के मैनेजर और उनके साथी वहां पहुंच गए। वीडियो में देखा गया कि ठेकेदार के लोग युवक से शराब की पेटी जबरन छुड़ा कर उसी बाइक मे लाद कर ले गए और मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह केवल एक अलग घटना नहीं, बल्कि लंबे समय से चल रहे अवैध कारोबार की एक झलक है।



### आबकारी पुलिस पर संरक्षण के आरोप

घटना की जानकारी मिलने के बाद बाइक सवार और पेटी की जब्ती तथा संबंधित लोगों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई नहीं होने से लोग आशंकित हैं। भाजपा युवा मोर्चा कोतमा मंडल के उपाध्यक्ष अमन सिंह परिहार ने बताया कि उन्होंने तुरंत संबंधित विभाग को सूचित किया, फिर भी कई घंटे बाद भी किसी प्रकार की कानूनी कार्यवाही नहीं हुई। इससे यह आशंका बढ़ जाती है कि शराब माफियाओं को किसी न किसी रूप में संरक्षण मिल रहा है।

### प्रशासन की प्रतिक्रिया और आगे के कदम

अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) आरती शाक्य ने कहा कि उन्हें वायरल वीडियो प्राप्त हुआ है और वे कोतमा टीआई से बात कर कार्रवाई करवाएंगी। जनता चाहती है इसमें त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी कार्रवाई की जाए। नागरिकों ने कहा कि बाइक और शराब जब्त, आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज और जिन ठेकेदारों पर संदेह हो उनके विरुद्ध गहन जांच की जाए।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित

**अनूपपुर नवभारत 28 अक्टूबर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षल पंचोली की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार पाण्डेय, भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र सोनी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जिवेन्द्र सिंह, बहुजन समाज पार्टी से पवन सोनी, आम आदमी पार्टी से साकेत राठौर, कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) से सत्यनारायण राठौर तथा निर्वाचन पर्यवेक्षक संजय निगम उपस्थित रहे। कलेक्टर ने बैठक में बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर निर्वाचक गणना प्रपत्रों का वितरण एवं जानकारी संकलन किया जाएगा।



# गौ माता भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं : शुक्ला

**गोपाष्टमी पर भगवा पार्टी ने की गौ माता की पूजा**

**अनूपपुर, नवभारत 29 अक्टूबर।** कार्तिक शुक्ल पक्ष की गोपाष्टमी के पावन अवसर पर भगवा पार्टी द्वारा बुधवार को भोपाल स्थित बोर्ड ऑफिस चौराहे के सामने भव्य गौ माता पूजन और गौ रक्षा संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और साधु-संत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और गौ पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाकांत शुक्ला ने ब्रह्मलीन संत करपात्री महाराज के गौ आंदोलन को याद करते हुए कहा कि सरकारें गौ रक्षा की बातें तो करती हैं, लेकिन वास्तविक सुरक्षा और संरक्षण की दिशा में ठोस कदम नहीं उठातीं। गौ माता केवल आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। जब तक गौ माता सुरक्षित नहीं होंगी, तब तक राष्ट्र की आत्मा अधूरी रहेगी।

### गौ रक्षा समाज का सामूहिक दायित्व है : भार्गव

प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव ने कहा कि गौ रक्षा केवल सरकार का नहीं, बल्कि समाज का सामूहिक दायित्व है। पार्टी इस अभियान को जन आंदोलन का रूप देगी ताकि हर जिले में गौ संरक्षण की ठोस व्यवस्था स्थापित हो सके। इस अवसर पर अनूपपुर जिले से पहुंचे पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल मिश्रा ने कहा कि गौ सेवा हमारे संस्कारों की जड़ में है। प्रदेश में कई बार गौ माफिया द्वारा तस्करी की घटनाएं सामने आती हैं, ऐसे में प्रत्येक जिले में ऐसी गोशालाएं बननी चाहिए जहां केवल सेवा हो, व्यापार नहीं।

# भगवान सहस्त्रबाहु पर आपत्तिजनक टिप्पणी



**कलचुरी समाज ने विरोध में एएसपी को सौंपा ज्ञापन**

**अनूपपुर, नवभारत।** राजराजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु (कार्तवीर्य अर्जुन) पर सोशल मीडिया के माध्यम से की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कलचुरी समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है। भिंड निवासी विवेक पचौरी नामक व्यक्ति द्वारा फेसबुक पर भगवान सहस्त्रबाहु के संबंध में अभद्र एवं अशोभनीय शब्दों का प्रयोग किया गया, जिससे संपूर्ण कलचुरी समाज व ताम्रकार समाज की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंची है। इसी को लेकर जिला कलचुरी समाज इकाई अनूपपुर द्वारा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मध्यप्रदेश कलचुरी समाज के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि विवेक पचौरी की इस आपत्तिजनक पोस्ट से समाज में रोष व्याप्त है। यह कार्य निंदनीय है और ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक एवं कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर जिला कलचुरी समाज इकाई के अध्यक्ष ज्ञानचंद जायसवाल, रामकिशोर जायसवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयदीप जायसवाल, भोला जायसवाल, प्रभाकर जायसवाल, आशा जायसवाल, रामसफल जायसवाल, कौशल जायसवाल, हरमोहन जायसवाल, कृष्ण कुमार जायसवाल, अनिल जायसवाल, मुकेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## सीईओ ने पुष्पराजगढ़ क्षेत्र में विकास कार्यों का लिया जायजा

**अनूपपुर, नवभारत 29 अक्टूबर।** जिला पंचायत अनूपपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने मंगलवार को जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत बसनिहा, जीलंग एवं गिरारी खुर्द क्षेत्र के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किरगी एवं भेजरी क्लस्टर की ग्राम पंचायतों की समीक्षा बैठक जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के सभागार में आयोजित की, जिसमें ग्रामीण विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। सीईओ अर्चना कुमारी ने ग्राम बसनिहा में हितग्राही दलिया बाई एवं ललन सिंह मरावी के खेत तालाबों का निरीक्षण किया और उन्हें तालाब के बहुउपयोग जैसे सिंचाई, मछली पालन एवं जल संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी।

# एसआईआर प्रक्रिया का वर्चुअल दिया गया प्रशिक्षण

**शुद्ध मतदाता सूची से लोकतंत्र के सशक्तीकरण हेतु चुनाव आयोग की पहल**

**अनूपपुर, नवभारत 29 अक्टूबर।** देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 28 अक्टूबर से मतदाता सूची का स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। यह प्रक्रिया 7 फरवरी 2026 तक चलेगी। इस दौरान नए मतदाताओं को सूची में जोड़ा जाएगा, मृतक या स्थानांतरित नागरिकों के नाम हटाए जाएंगे तथा सूची में मौजूद त्रुटियों को सुधारा जाएगा।

लोकतंत्र के सशक्तीकरण और शुद्ध मतदाता सूची तैयार करने के उद्देश्य से विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया संबंधी वर्चुअल प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को दो प्रतियों में विशिष्ट गणना प्रपत्र का वितरण करेंगे। मतदाताओं द्वारा जानकारी भरने के पश्चात एक प्रति बीएलओ को वापस देनी होगी।



अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को होगा इसके पश्चात 9 दिसंबर को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। दावे एवं आपत्तियां 9 दिसंबर से 8 जनवरी तक प्राप्त की जा सकेंगी, जिनकी सुनवाई रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 9 दिसंबर से 31 जनवरी तक करेंगे। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि 1 जनवरी 2025 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएंगे। उद्देश्य यह है कि कोई पात्र मतदाता छूटे नहीं और कोई अयोग्य नाम सूची में बना न रहे।

### पता, नाम या जन्म तिथि में सुधार भी किया जा सकता है

मतदाता को बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराए गए फॉर्म में अपना विवरण दर्ज कराना होगा, यदि किसी व्यक्ति का नाम दो स्थानों पर दर्ज है तो एक स्थान से नाम कटवाना होगा। पता, नाम या जन्म तिथि में सुधार भी किया जा सकता है। यदि नाम मतदाता सूची में नहीं है तो नया फार्म भरकर जमा करना आवश्यक होगा।

बताया गया कि 27 अक्टूबर को फ्रीज वोटर लिस्ट के आधार पर गणना पत्रक (ईएफ) तैयार किए गए हैं। बीएलओ घर-घर जाकर यह फॉर्म वितरित करेंगे।

# शिक्षकों ने बीईओ पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप



**कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, 20 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो सड़कों पर उतरेगा शिक्षक संघ**

**अनूपपुर, नवभारत 29 अक्टूबर।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने पुष्पराजगढ़ के बीईओ सतीश तिवारी और कर्मचारी नर्मदा जायसवाल पर भ्रष्टाचार, दबाव और पैसों की वसूली के गंभीर आरोप लगाए हैं। बुधवार को शिक्षक संघ ने एसडीएम पुष्पराजगढ़ को ज्ञापन सौंपकर कहा कि बीईओ कार्यालय अब शिक्षा का मंदिर नहीं, बल्कि लेन-देन का ठिकाना बन चुका है। शिक्षक संघ ने आरोप लगाया कि बीईओ सतीश तिवारी के कार्यकाल में कार्यालय में खुलेआम रिश्वत का खेल चल रहा है। शिक्षकों ने बताया कि फाइल तभी चलती है जब रुपये चलते हैं। बिल जमा करने पर रसीद नहीं दी जाती और पैसे नहीं देने पर फाइलें रोक दी जाती हैं। कई शिक्षकों ने कहा कि वेतन अद्यतन, एरियर मंजूरी और क्रमोन्नति जैसे सामान्य काम भी बिना नोटों के नहीं हो रहे।

### एरियर और डीए भुगतान नहीं किया गया

ज्ञापन में बताया गया कि पिछले दो वर्षों से डीए एरियर और क्रमोन्नति लाभ का भुगतान नहीं किया गया है। ऑनलाइन सेवापुस्तिका अपडेट न होने से कई शिक्षकों का वेतनमान अटका है। कुछ शिक्षकों ने कहा कि इस देरी के कारण उनके बैंक लोन की किस्तें तक प्रभावित हुई हैं और क्रेडिट स्कोर पर भी असर पड़ा है।

### बीईओ कार्यालय के बाहर शिक्षकों ने की नारेबाजी

बीईओ कार्यालय के बाहर शिक्षकों ने सतीश तिवारी हटाओ, शिक्षा बचाओ की जमकर नारेबाजी की गई। संघ का कहना है कि बीईओ की तानाशाही और भ्रष्टाचार ने पूरे शिक्षा तंत्र को खोखला कर दिया है। पहले कई बार मौखिक शिकायतें की गईं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिक्षकों ने यह भी आरोप लगाया कि बीईओ कार्यालय में पदस्थ कुछ अधिकारी फाइल रोककर शिक्षकों पर ऊपर की बात कहकर डराने की कोशिश करते हैं।

### आंदोलन की दी चेतावनी

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 20 दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं की गई, तो शिक्षक सड़क पर उतरेंगे। संघ ने कहा अब या तो भ्रष्टाचार खत्म होगा या आंदोलन की आग पूरे जिले में भड़केगी। यह मामला अब सिर्फ एरियर या डीए तक सीमित नहीं रहा, बल्कि शिक्षा विभाग की ईमानदारी और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। जिले के शिक्षकों का कहना है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो यह आंदोलन पूरे संभाग में फैल सकता है।



## नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के तहत सौंदर्य प्रदर्शनी 5 को

**जबलपुर।** नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के तहत सौंदर्य प्रदर्शनी 5 नवंबर बुधवार को आयोजित होगी। प्रतियोगिता में प्रतिभागी सुबह 6:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक 12×18 आकार की 5-5 फोटो जमा कर सकते हैं। निर्णायक मंडल द्वारा पुरस्कारों की घोषणा नवंबर माह के अंत में की जाएगी। प्रथम पुरस्कार 11,000, द्वितीय 5,000, तृतीय 3,000 एवं 11 सांत्वना पुरस्कार 1,000 रूपये रखे गए हैं। इसके साथ ही परिक्रमा की सफलता के लिए कार्तिक माह के प्रत्येक मंगलवार को 1100 हनुमान जी के नाम हवन का आयोजन किया जा रहा है। इस बार का चौथा मंगलवार जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट चौक, गोल बाजार गौशाला में संपन्न हुआ। संयोजक शीर्ष अग्रवाल, एडवोकेट प्रणव अग्रवाल, सीए मुकुल यादव और शेरू ने उपस्थित होने की अपील की।

# भुंडाकोना में आधुनिक बोट क्लब बनकर तैयार

**प्रदेश शासन व कलेक्टर की पहल से पर्यटन को मिलेगी नई दिशा**

**अनूपपुर, नवभारत 29 अक्टूबर।** प्रदेश शासन पर्यटन विकास के क्षेत्र में निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर हर्षल पंचोली की विशेष पहल पर मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा जिले के जोहिला जलाशय भुंडाकोना में 49.08 लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक बोट क्लब का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है।

यह पहल प्रदेश में एडवेंचर टूरिज्म को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। जोहिला नदी पर निर्मित यह खूबसूरत जलाशय अपनी प्राकृतिक शांति और हरियाली के कारण पहले से ही पर्यटकों का आकर्षण रहा है। अब यहाँ नौका विहार (बोटिंग) की सुविधा प्रारंभ होने से पर्यटकों को एक नया और रोमांचक अनुभव प्राप्त होगा।



### रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे


बोट क्लब परिसर में प्रतीक्षालय, बोट शेड, पार्किंग एरिया, स्टोन बेंच तथा सौंदर्यीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह स्थल न केवल पर्यटकों को बेहतर अनुभव देगा बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। अमरकंटक से मात्र 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह जलाशय अब प्रदेश के पर्यटन मानचित्र पर अपनी नई पहचान बनाने जा रहा है।

### पर्यटक होंगे आकर्षित

शांत जल, हरित वादियां और स्वच्छ वातावरण से घिरा यह क्षेत्र न केवल पर्यटकों को आकर्षित करेगा बल्कि यह प्रदेश की प्राकृतिक और सांस्कृतिक समृद्धि का भी परिचायक बनेगा। राज्य शासन और कलेक्टर हर्षल पंचोली की यह पहल जिले में पर्यटन विकास की भावना को साकार कर रही है। जोहिला जलाशय में बोट क्लब के संचालन से स्थानीय युवाओं को रोजगार, क्षेत्र को नई पहचान और पर्यटकों को नया अनुभव प्राप्त होगा।

# डॉ. एहसान कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष बने

**अनूपपुर, नवभारत।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल नई दिल्ली के मुख्य संगठक लालजी देसाई ने मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश संगठक योगेश यादव, राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश प्रभारी प्रताप नारायण मिश्रा तथा शहडोल संभाग प्रभारी रमेश द्विवेदी की सहमति से डॉ. एहसान अली अंसारी को जिला कांग्रेस सेवा दल का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। डॉ. एहसान अली अंसारी इससे पूर्व भी इसी पद पर कार्य कर चुके हैं। अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने संगठन को मजबूत बनाते हुए कांग्रेस सेवा दल को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया था। संगठनात्मक अनुभव और समर्पण को देखते हुए राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने एक बार फिर उन पर भरोसा जताया है। डॉ. अंसारी कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश प्रशिक्षक भी हैं। उन्होंने कई प्रशिक्षण शिविरों में सैकड़ों कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया है और निरंतर कांग्रेस की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं।



### इन्होंने दी बधाई

डॉ. एहसान अली अंसारी की नियुक्ति पर विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्याम कुमार (गुड्डू) चौहान, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह, पूर्व विधायक सुनील सराफ एवं मनोज अग्रवाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रेम कुमार त्रिपाठी, रामखेलावन राठौर, मयंक त्रिपाठी, आशीष त्रिपाठी, वासुदेव चटर्जी, जीवेन्द्र सिंह, जेपी श्रीवास्तव, संतोष पांडे, धनंजय तिवारी आदि ने बधाई दी।

## क्षेत्रीय भविष्यनिधि आयुक्त कार्यालय में सतर्कता जागरुकता सप्ताह शुरु

**नवभारत, जबलपुर।** केंद्रीय सतर्कता आयोग, भारत सरकार के निर्देशानुसार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर में 27 से 02 नवम्बर 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम है सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारीं। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर 30 अक्टूबर 2023 को राकेश सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त। द्वारा कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलायी गई और सभी को अपना काम पूरी ईमानदारी से करने का आव्हान किया गया। उन्होंने कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध किया कि सभी सत्यनिष्ठा और लगन से नियमों का पालन करते हुए अपनी सीट का कार्य पूर्ण ईमानदारी से करें।

बैठक ▶ कलेक्टर ने कहा- समय सीमा में करें कार्य पूर्ण, लोकहित को ध्यान में रखकर करें सामुदायिक निर्माण कार्य

# ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में बरतें सजगता : पंचोली



**अनूपपुर, नवभारत 29 अक्टूबर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं एवं निर्माण कार्यों को शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सजगता एवं समय सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यों का क्रियान्वयन लोकहित को सर्वोपरि रखते हुए गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्चना कुमारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री अमर साय, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, योजना प्रभारी, सहायक यंत्री तथा उपयंत्री उपस्थित रहे।

### पौधों की जीवंतता की मॉनिटरिंग की जाए

कलेक्टर ने मनरेगा अंतर्गत एक बगिया मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए उपयुक्त स्थलों का चिन्हांकन, पौधों की जीवंतता की सतत मॉनिटरिंग तथा लेमनग्रास रोपण क्षेत्र को बढ़ाने के लिए कृषि विभाग के साथ समन्वय में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों को मार्च माह तक पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों को खेत तालाब कार्यों का नियमित रिव्यू करने, अप्रारंभ कार्यों व तकनीकी समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

### हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए

उन्होंने गौशालाओं में चारागाह योजना के प्रभावी क्रियान्वयन व मॉनिटरिंग पर जोर देते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि मां नर्मदा परिक्रमा पथ पर पौधरोपण के कार्यों की प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा की जाए। बैठक में प्रधानमंत्री जन मन आवास योजना, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसरों से जुड़ी प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

### ग्राम किरगी मॉडल वेस्ट यूनिट स्थापित की जाए

कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत मॉडल वेस्ट यूनिट पुष्पराजगढ़ के ग्राम किरगी में स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत कृषक सुविधा केंद्रों में यांत्रिक उपकरण उपलब्ध कराने एवं केटल शेड निर्माण कार्य को वाटरशेड व डीएमएफ कन्वर्जेन्स के तहत पूर्ण करने की बात कही। उन्होंने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत स्कूलों में प्रदाय खाद्यान्न आवंटन व स्टॉक की जानकारी पारदर्शिता के साथ प्रदर्शित करने के निर्देश दिए।